Adda247
GET IT ON Google Play

# BPSC AE
# (Civil)

## Previous Year Paper
### (General Hindi) Paper-II
### 10 Nov, 2022

Adda247

# Test Prime

## ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

**70,000+** Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

**600+** Exam Covered

Previous Year Papers

**500%** Refund

**ATTEMPT FREE MOCK NOW**

Adda247
GET IT ON Google Play

27/AE/C/M-2022-2

पुस्तिका शृंखला

**D**

Serial No. 404681

उम्मीदवार का अनुक्रमांक

प्रश्न-पुस्तिका

पत्र—II

# सामान्य हिन्दी

( वस्तुनिष्ठ )

**समय : 1 घण्टा**

**पूर्णांक : 100**

**प्रश्नों के उत्तर देने से पहले नीचे लिखे अनुदेशों को ध्यान से पढ़ लें।**

BPSC AE (CIVIL)
Advt. No: 07/2020
Exam date :- 10/11/2022

## महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. इस प्रश्न-पुस्तिका में कुल **50** प्रश्न हैं।
2. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. सभी प्रश्नों के उत्तर दें।
4. **परीक्षा आरम्भ होते ही आप अपनी प्रश्न-पुस्तिका की जाँच कर देख लें कि इसके ऊपर दायीं ओर प्रश्न-पुस्तिका की शृंखला मुद्रित है। कृपया जाँच लें कि पुस्तिका में पूरे 8 मुद्रित पृष्ठ हैं और कोई प्रश्न या पृष्ठ बिना छपा हुआ या फटा हुआ या दोबारा आया हुआ तो नहीं है। पुस्तिका में किसी प्रकार की त्रुटि पाने पर तत्काल इसके बदले इसी शृंखला की दूसरी सही पुस्तिका ले लें।**
5. इस पृष्ठ के ऊपर निर्धारित स्थान में अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें। प्रश्न-पुस्तिका पर और कुछ न लिखें।
6. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको वीक्षक द्वारा अलग से उत्तर पत्रक दिया जायेगा। **अपने उत्तर पत्रक के पृष्ठ-1 पर निर्धारित स्थान में अपना नाम, अनुक्रमांक, प्रश्न-पुस्तिका शृंखला तथा अन्य विवरण अवश्य लिखें अन्यथा आपका उत्तर पत्रक जाँचा नहीं जायेगा।**
7. उत्तर पत्रक के **पृष्ठ-2** पर निर्धारित स्थान में अपने **अनुक्रमांक** तथा **प्रश्न-पुस्तिका की शृंखला A, B, C या D** जैसा इस प्रश्न-पुस्तिका के आवरण पृष्ठ के ऊपर दायीं ओर अंकित है, से सम्बन्धित कोष्ठक को काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइन्ट पेन से अवश्य कूटबद्ध करें। **उत्तर पत्रक पर प्रश्न-पुस्तिका शृंखला अंकित नहीं करने अथवा गलत शृंखला अंकित करने पर उत्तर पत्रक का सही मूल्यांकन नहीं होगा।**
8. इस प्रश्न-पुस्तिका में सभी प्रश्न और उनके उत्तर हिन्दी में मुद्रित हैं। प्रत्येक प्रश्न के **चार** उत्तर—(A), (B), (C) और (D) क्रम पर दिये गये हैं। उनमें से आप सबसे सही **केवल एक** उत्तर को चुनें और अपने उत्तर पत्रक पर अंकित करें। यदि आपको ऐसा लगे कि किसी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर सही हैं, तो आप अपने उत्तर पत्रक में उस उत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्न के लिए **केवल एक** ही उत्तर चुनना है। आपका कुल प्राप्तांक आपके द्वारा उत्तर पत्रक में अंकित सही उत्तरों पर निर्भर होगा।
9. उत्तर पत्रक में प्रत्येक प्रश्न संख्या के सामने **चार** कोष्ठक इस प्रकार बने हुए हैं—(A), (B), (C) और (D)। प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको अपनी पसन्द के **केवल एक** कोष्ठक को काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइन्ट पेन से चिह्नित करना है। प्रत्येक प्रश्न के लिए केवल एक उत्तर को चुनें और उसे अपने उत्तर पत्रक में चिह्नित करें। आप उत्तर पत्रक में यदि एक प्रश्न के लिए एक से अधिक कोष्ठक में निशान लगाते हैं, तो आपका उत्तर गलत माना जायेगा। **उत्तर पत्रक में उत्तर को चिह्नित करने के लिए केवल काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइन्ट पेन का ही प्रयोग करें। किसी भी प्रकार का काट-कूट अथवा परिवर्तन मान्य नहीं है।**
10. प्रश्न-पुस्तिका से कोई पन्ना फाड़ना या अलग करना मना है। प्रश्न-पुस्तिका और उत्तर पत्रक को परीक्षा की अवधि में परीक्षा भवन से बाहर कदापि न ले जायें। **परीक्षा के समापन पर उत्तर पत्रक वीक्षक को अवश्य सौंप दें।** उसके बाद आपको अपनी प्रश्न-पुस्तिका अपने साथ ले जाने की अनुमति है।
11. ऊपर के अनुदेशों में से किसी एक का भी पालन नहीं करने पर आप पर आयोग के विवेकानुसार कार्रवाई की जा सकती है अथवा आपको दण्ड दिया जा सकता है।

SEAL

Adda247 GET IT ON Google Play

निर्देश (प्रश्न संख्या 1 से 5 तक) : निम्नलिखित मुहावरों के लिए (A), (B), (C) और (D) के सामने अर्थ दिए गए हैं। इनमें से उपयुक्त अर्थ को चुनकर उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए।

1. अपना-सा मुँह लेकर रह जाना
   (A) लज्जित होना
   (B) अद्वितीय होना
   (C) पराजित होना
   (D) अकेले हो जाना

2. उल्टी गंगा बहाना
   (A) नेतृत्व करना
   (B) परंपरा के विपरीत काम करना
   (C) साधन-संपन्न होना
   (D) अद्भुत पराक्रमी होना

3. गड़े मुर्दे उखाड़ना
   (A) तंत्र-क्रिया करना
   (B) श्मशान साधना करना
   (C) इतिहास का अनुसंधान करना
   (D) बहुत पुरानी बातें दोहराना

4. सावन हरे न भादों सूखे
   (A) वर्षा का वरदान मिलना
   (B) रामराज्य की स्थापना होना
   (C) सदैव एक-सी स्थिति में रहना
   (D) पर्यावरण संतुलन पाना

5. बिल्ली के भाग्य से छींका टूटना
   (A) अचानक मुसीबत में पड़ जाना
   (B) नुकसान हो जाना
   (C) अचानक कार्यसिद्धि हो जाना
   (D) आघात पहुँचना

निर्देश (प्रश्न संख्या 6 से 10 तक) : निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्द के लिए (A), (B), (C) और (D) के सामने अलग-अलग शब्द लिखे हुए हैं। इन शब्दों में से उपयुक्त विलोम शब्द को चुनकर उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए।

6. मौन का सौन्दर्य सृजनात्मक है।
   (A) मुखर
   (B) मितभाषी
   (C) बड़बोला
   (D) वाचाल

7. वह सौम्य स्वभाव की युवती है।
   (A) उद्धत
   (B) कठोर
   (C) दुष्ट
   (D) सुंदर

8. प्रलय से जूझने के लिए नोहा ने नाव बनाई।
   (A) सूखा
   (B) सृष्टि
   (C) ब्रह्माण्ड
   (D) बाढ़

9. सरस संवाद इस नाटक की ताकत हैं।
   (A) रसहीन
   (B) कठोर
   (C) शुष्क
   (D) रसीले

10. समष्टि चिंतन से ही समाज प्रगति करता है।
   (A) व्यष्टि
   (B) व्यक्ति
   (C) निकृष्टि
   (D) समभाव

Adda247 GET IT ON Google Play

निर्देश (प्रश्न संख्या 11 से 15 तक) : निम्नलिखित अशुद्ध शब्दों के लिए (A), (B), (C) और (D) के सामने अलग-अलग शब्द दिए गए हैं। इनमें से शुद्ध शब्द को चुनकर उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए।

11. दृष्टव्य
(A) द्रष्टवय
(B) दृष्टव्य
(C) दृषटव्य
(D) द्रष्टव्य

12. आजीवीका
(A) अजीवीका
(B) आजीविका
(C) आजिविका
(D) अजीविका

13. ग्रहिणी
(A) गृहणी
(B) ग्रहणी
(C) गृहिणि
(D) गृहिणी

14. अधिकारिक
(A) आधिकारीक
(B) अधिकारीक
(C) आधिकारिक
(D) अधीकारिक

15. उज्जवल
(A) उज्ज्वल
(B) उद्जल
(C) उज्वल
(D) उत्ज्वल

निर्देश (प्रश्न संख्या 16 से 20 तक) : निम्नलिखित वाक्य या वाक्यांश के लिए चार-चार शब्द दिए गए हैं। इनमें से उपयुक्त शब्द को चुनकर उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए।

16. छिपाने योग्य बात
(A) रहस्य
(B) गोपनीय
(C) भेद
(D) गुप्त

17. शीघ्र नष्ट होने वाला
(A) सद्यनष्ट
(B) क्षणभंगुर
(C) सद्यभंगुर
(D) नष्टप्राय

18. जिसे मापा न जा सके
(A) अनमाप
(B) अपरिमेय
(C) परिमेयहीन
(D) अमाप

19. जिसे क्षमा किया जा सके
(A) क्षमित
(B) क्षम्य
(C) क्षमापात्र
(D) क्षमाप्रार्थी

20. जिसकी कल्पना न की जा सके
(A) कल्पनातीत
(B) आकल्पनीय
(C) अकल्पनीय
(D) काल्पनिक

404681 404681 404681 Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

निर्देश (प्रश्न संख्या 21 से 25 तक) : निम्नलिखित प्रत्येक वाक्य में एक शब्द रेखांकित है। प्रत्येक रेखांकित शब्द के लिए (A), (B), (C) और (D) के सामने एक-एक शब्द लिखा गया है। इनमें से रेखांकित शब्द से अर्थ की दृष्टि से उपयुक्त विकल्प चुनकर उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए।

**21.** सूर्य से ही जीवन है।
- (A) मारतण्ड
- (B) मर्तण्ड
- (C) मार्त्रण्ड
- (D) मार्तण्ड

**22.** उसका हौसला अनुपम है।
- (A) अद्भुत
- (B) आश्चर्यजनक
- (C) सराहनीय
- (D) अजीबोगरीब

**23.** "पीयूष स्रोत सी बहा करो, जीवन के सुंदर समतल में"
- (A) गरल
- (B) अमृत
- (C) जल
- (D) विष

**24.** कानन है तो पर्यावरण सुरक्षित है।
- (A) जंगल
- (B) उद्यान
- (C) हरियाली
- (D) कांस-वन

**25.** कन्दर्प के बाण ने शिव को भी घायल कर दिया।
- (A) असुर
- (B) शत्रु
- (C) कामदेव
- (D) शिकारी

निर्देश (प्रश्न संख्या 26 से 30 तक) : निम्नलिखित वाक्यों को सावधानी से पढ़ने के बाद अशुद्ध अंश की पहचान करके (A), (B), (C) में से त्रुटि से संबंधित अक्षर को उत्तर पत्रक में लिखिए। यदि कोई त्रुटि नहीं है, तो (D) के माध्यम से सूचित कीजिए।

**26.** वह क्या जाने (A) / कि मैं कैसे (B) / जीवित हूँ। (C) / कोई त्रुटि नहीं। (D)

**27.** उसकी अक्ल (A) / चक्कर खा (B) / गई। (C) / कोई त्रुटि नहीं। (D)

**28.** इस पर्वतीय क्षेत्र में (A) / सर्वस्व (B) / सद्भावना है। (C) / कोई त्रुटि नहीं। (D)

**29.** महाभारत का युद्ध (A) / अट्ठारह दिनों तक (B) / चला। (C) / कोई त्रुटि नहीं। (D)

**30.** उसने समारोह में (A) / बढ़-चढ़ कर (B) / भाग लिया। (C) / कोई त्रुटि नहीं। (D)

Adda247 GET IT ON Google Play

निर्देश (प्रश्न संख्या 31 से 35 तक) : निम्नलिखित अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए।

स्वभाव से भी वह अपरिग्रही था। दिन भर में वह जितनी गोलियाँ और लट्टू जीतता, संध्या को वह उन सबको छोटे बच्चों में बाँट देता। देने में उसे मानो आनंद आता था, लेकिन वह देने के अभिमान का आनंद नहीं था। वह था भार-मुक्ति का आनंद। नींद और आहार पर भी उसे अधिकार था। बचपन से ही वह स्वल्पाहारी था। बड़े होने पर कथाशिल्पी शरत्चंद्र की 'बड़ी बहू' सबसे अधिक इसीलिए तो परेशान रहती थी।

31. उपर्युक्त अवतरण में 'वह' कौन है?

(A) 'बड़ी बहू' का पति

(B) शरारती बालक

(C) लेखक स्वयं

(D) कथाशिल्पी शरत्चंद्र

32. 'अपरिग्रही' स्वभाव का आशय स्पष्ट कीजिए।

(A) संकोची स्वभाव

(B) चीजें दान करने का स्वभाव

(C) चीजें संचित न करने का स्वभाव

(D) दयालु स्वभाव

33. उपर्युक्त अवतरण के नायक का किस पर अधिकार है?

(A) साथी बालकों पर

(B) अपने मधुर व्यवहार पर

(C) नींद और आहार पर

(D) खेलने की क्षमता पर

34. उपर्युक्त अवतरण के नायक के आनंद का मूल भाव क्या है?

(A) भोग

(B) दान

(C) अभिमान

(D) संचय

35. उपर्युक्त अवतरण का उपयुक्त शीर्षक हो सकता है

(A) बच्चों का मनोविज्ञान

(B) लेखक का जीवन

(C) आवारा मसीहा

(D) जीने की कला

Adda247
GET IT ON Google Play

निर्देश (प्रश्न संख्या 36 से 45 तक) : यहाँ दस वाक्य दिए गए हैं। प्रत्येक वाक्य में चार विकल्प हैं। इनमें से जो शुद्ध वाक्य हो, उसके लिए निर्धारित (A), (B), (C) और (D) में से कोई एक उत्तर के रूप में उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए।

**36.** मेरे को एक दूध का गर्म प्याला चाहिए।

(A) मुझे एक दूध का गर्म प्याला चाहिए।

(B) मुझे दूध का एक गर्म प्याला चाहिए।

(C) मुझे गर्म दूध का एक प्याला चाहिए।

(D) मेरे को गर्म दूध का प्याला चाहिए।

**37.** शाम ढले वह वापस लौट आया।

(A) शाम ढले वह वापस आ गया।

(B) शाम ढलते ही वह लौट आया।

(C) शाम ढलते ही वह वापस लौट आया।

(D) शाम ढलने पर वह वापस लौट आया।

**38.** घर पर सब कुशल-मंगल हैं।

(A) घर पर सब कुशल-मंगल है।

(B) घर में कुशल और मंगल सब है।

(C) घर में सब कुशल-मंगल है।

(D) घर पर कुशल और मंगल है।

**39.** उस समारोह में पुरुष कवि और स्त्री लेखिकाएँ शामिल हैं।

(A) उस समारोह में पुरुष कवि और लेखिकाएँ शामिल हैं।

(B) उस समारोह में कवि और स्त्री लेखिकाएँ शामिल हैं।

(C) उस समारोह में स्त्री और पुरुष, कवि और लेखिकाएँ शामिल हैं।

(D) उस समारोह में कवि और लेखिकाएँ शामिल हैं।

**40.** क्या यह संभव हो सकता है?

(A) क्या यह संभावनाशील है?

(B) क्या यह संभाव्य है?

(C) क्या इसे संभव किया जा सकता है?

(D) क्या यह संभव है?

**41.** सारे दिन भर मैं काम करता रहा।

(A) पूरा दिन भर काम करता रहा मैं।

(B) दिन भर मैं काम करता रहा।

(C) मेरा काम सारा दिन चलता रहा।

(D) सारा दिन भर मैं काम करता रहा।

**42.** गुरुवार के दिन हम शाम पाँच बजे मिलेंगे।

(A) गुरुवार को हम शाम पाँच बजे मिलेंगे।

(B) गुरुवार के दिन हम मिलेंगे।

(C) गुरुवार को हम पाँच बजे मिलेंगे।

(D) गुरुवार के दिन हम पाँच बजे मिलेंगे।

Adda247
GET IT ON Google Play

**43.** उन्होंने कहा, "घबराओ नहीं! शुभ कार्य में यदा-कदा संकट भी आते हैं।"

(A) उन्होंने कहा, "घबराओ नहीं! शुभ कार्य में यदा-कदा विघ्न भी आते हैं।"

(B) उन्होंने कहा, "घबराओ नहीं! शुभ कार्य में विघ्न भी आते रहते हैं।"

(C) उन्होंने कहा, "घबराना क्या! शुभ-कार्य में विघ्न आना स्वाभाविक है।"

(D) उन्होंने कहा, "घबराओ नहीं! शुभ कार्य में संकट भी आते रहते हैं।"

**44.** तेरे को यह दायित्व सौंपते हुए मेरे को हर्ष हो रहा है।

(A) तुझे यह दायित्व सौंपते हुए मेरे को हर्ष हो रहा है।

(B) तुझको यह दायित्व सौंपते हुए मुझको हर्ष हो रहा है।

(C) तुझे यह दायित्व सौंपते हुए मुझे हर्ष हो रहा है।

(D) तेरे को यह दायित्व सौंपते हुए मुझे हर्ष हो रहा है।

**45.** इन दिनों महँगाई भारी मात्रा में बढ़ रही है।

(A) अब महँगाई भारी मात्रा में बढ़ रही है।

(B) इन दिनों महँगाई बहुत बढ़ गई है।

(C) इन दिनों महँगाई बढ़ कर भारी हो गई है।

(D) अब महँगाई भारी-भरकम हो गई है।

**निर्देश (प्रश्न संख्या 46 से 50 तक) :** निम्नलिखित तत्सम शब्दों के लिए चार-चार विकल्प (A), (B), (C) और (D) दिए गए हैं। इनमें से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए।

**46.** अरण्य

(A) सुंदर

(B) जंगल

(C) निर्जन

(D) अरि

**47.** भाल

(A) ग्रीवा

(B) चिबुक

(C) भला

(D) मस्तक

**48.** प्रसून

(A) प्रहसन

(B) वीर

(C) पुष्प

(D) प्रसन्न

**49.** किसलय

(A) कोंपल

(B) नरम

(C) चिकना

(D) अंकुर

**50.** बुभुक्षा

(A) भीख

(B) भिक्षा

(C) हिंसा

(D) भूख

404681